सं. मु. – गो.11019/54/2023-गोप.-1/1 (ई-7336)

कर्मचारी चयन आयोग

****

विषय: कनिष्ठ अभियंता (सिविल, यांत्रिकी और वैद्युत) परीक्षा- 2023 (पेपर-II): अभ्यर्थियों के उत्तर पत्रकों (रिस्पांस शीट) के साथ अनंतिम उत्तर कुंजियां अपलोड किया जाना ।

देश भर के विभिन्न केंद्रों पर दिनांक 04.12.2023 को कनिष्ठ अभियंता (सिविल, यांत्रिकी और वैद्युत) परीक्षा, 2023 (पेपर- II) परीक्षा आयोजित की गई ।

2. अभ्यर्थियों के उत्तर पत्रकों (रिस्पांस शीट) के साथ अनंतिम उत्तर कुंजिया अब नीचे दिए गए लिंक पर उपलब्ध हैं। अभ्यर्थी अपने परीक्षा रोल नंबर और पासवर्ड का उपयोग करके नीचे दिए गए लिंक में लॉगिन कर सकते हैं।

3. अनंतिम उत्तर कुंजियों के संबंध में अभ्यावेदन, यदि कोई हो, दिनांक **07.12.2023 (शाम 6.00 बजे)** से **09.12.2023 (शाम 6.00 बजे)** तक आपत्ति उठाए गए प्रति प्रश्न/उत्तर पर रू.100/- (सौ रूपए) का भुगतान करके ऑनलाइन प्रस्तुत किया जा सकता है। किसी भी परिस्थिति में दिनांक **09.12.2023 को सायं 6.00 बजे** के बाद प्राप्त अभ्यावेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

4. अभ्यर्थी अपने संबंधित उत्तर पत्रकों (रिस्पांस शीट) का प्रिंट आउट ले सकते हैं, क्योंकि ये उपरोक्त निर्दिष्ट समय सीमा के बाद उपलब्ध नहीं रहेंगे।

उप सचिव, भारत सरकार
दिनांक:- 07.12.2023

लिंक:https://ssc.digialm.com:443//EForms/configuredHtml/2207/86051/login.html